बिहार सरकार
ऊर्जा विभाग

अधिसूचना

संचिका सं0:–प्र0 / BSPGCL–01 / 2025– 26 /पटना, दिनांक:– 03.11.2026

विभागीय अधिसूचना संख्या–19–सह–पठित ज्ञापांक–4608, दिनांक–10.09.2026 द्वारा बिहार स्टेट पावर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड (BSPGCL) को बिहार राज्य में बैटरी ऊर्जा भण्डारण प्रणाली (BESS) से स्वीकृत फ्लोटिंग / ग्राउंड माउंटेड सौर ऊर्जा परियोजनाओं के विकास और कार्यान्वयन के लिए राज्य नोडल / कार्यान्वयन एजेंसी एवं बिहार राज्य में स्वतंत्र रूप से बैटरी ऊर्जा भण्डारण प्रणाली के विकास और कार्यान्वयन के लिए राज्य नोडल / कार्यान्वयन एजेंसी नामित किया गया है।

2. विभागीय संकल्प सं0–3239, दिनांक–10.07.2025 की कंडिका–3 एवं 5 के आलोक में बिहार राज्य में बैटरी ऊर्जा भण्डारण प्रणाली से स्वीकृत फ्लोटिंग / ग्राउंड मांउटेड सौर ऊर्जा परियोजनाओं के विकास एवं कार्यान्वयन के लिए राज्य नोडल / कार्यान्वयन एजेंसी एवं बिहार राज्य में स्वतंत्र रूप से बैटरी ऊर्जा भण्डारण प्रणाली के विकास और कार्यान्वयन के लिए बिहार रिन्यूएबल एनर्जी डेवलपमेंट एजेंसी (ब्रेडा) को भी राज्य नोडल / कार्यान्वयन एजेंसी के रूप में नामित किया जाता है।

3. प्रस्ताव पर माननीय मंत्री का अनुमोदन प्राप्त है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से,

ह0 / –

(सुधा गुप्ता),
सरकार के संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक:–प्र0 / BSPGCL–01 / 2025– /पटना, दिनांक:–

प्रतिलिपि:–उप सचिव, प्रेस (ई–गजट कोषांग), वित्त विभाग, बिहार पटना को बिहार राजपत्र के आगामी अंक में मुद्रण हेतु (सी0डी0 एवं दो हार्ड प्रति के साथ) प्रेषित।

अनुरोध है कि प्रकाशित गजट की 100 (एक सौ) प्रतियाँ, ऊर्जा विभाग, बिहार, पटना को उपलब्ध कराने की कृपा करें।

ह0 / –
सरकार के संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक:–प्र0 / BSPGCL–01 / 2025– 5455 /पटना, दिनांक:– 03.11.2026

प्रतिलिपि:–महालेखाकार, बिहार, पटना / सरकार के सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव / प्रधान सचिव / सचिव / सभी विभागाध्यक्ष / अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक, बिहार स्टेट पावर (हो0) कं0 लि0 / प्रबंध निदेशक, साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कं0 लि0, पटना / प्रबंध निदेशक, नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कं0 लि0, पटना / प्रबंध निदेशक, बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कं0 लि0, पटना / प्रबंध निदेशक, बिहार स्टेट पावर जेनरेशन कं0 लि0, पटना / प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य जल विद्युत निगम, पटना / निदेशक, ब्रेडा, पटना एवं आई0टी0 मैनेजर, ऊर्जा विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

02-11-26
सरकार के संयुक्त सचिव।